# लिम्फेटिक फाइलेरियासिस उन्मूलन अभियान

**[स्रोत: पी.आई.बी](#)**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा **लिम्फेटिक फाइलेरियासिस (LF) उन्मूलन के लिये वार्षिक राष्ट्रीय सार्वजनिक औषधि वितरण (MDA)** अभियान का शुभारंभ किया गया है।

- **लिम्फेटिक फाइलेरिया एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग है "हाथी पांव" के रूप में जाना जाता है जो परजीवी फाइलेरिया कृमियों (जैसे वुचेरेरिया बैनक्रॉफ्टी ) के कारण होता है तथा संक्रमित मच्छरों से फैलने वाला एक परजीवी रोग है।**
  - यह **लिम्फोएडेमा (अंगों की सूजन) और हाइड्रोसील (अंडकोष की सूजन) जैसी शारीरिक दिव्यांगताओं** को जन्म दे सकता है।
  - **रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगजन निवारण (MMDP) सेवाएँ** (स्वच्छता, त्वचा देखभाल, और हाइड्रोसील सर्जरी) गंभीर दिव्यांगता को रोकने में मदद करती हैं।
- **MMDP अभियान: 13 राज्यों के 111 प्रभावित ज़िलों** को कवर करता है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2027 तक **17.5 करोड़ से अधिक लोगों को बचाना** और **लिम्फेटिक फाइलेरियासिस** को समाप्त करना है।
  - **MDA अभियान लिम्फेटिक-स्थानिक क्षेत्रों** में एंटी-फाइलेरिया दवाओं के **पर्यवेक्षित प्रशासन** को सुनिश्चित करता है, जिसमें **डबल (डायथाइलकार्बामेज़िन साइट्रेट और एल्बेंडाज़ोल) और ट्रिपल ड्रग रेज़िमेन** (इवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाज़ोल) का उपयोग किया जाता है।
  - **MDA का उद्देश्य रक्तप्रवाह** से **फाइलेरिया परजीवियों** को नष्ट करके **लिम्फेटिक संचरण** को रोकना है, जिससे मच्छरों द्वारा संचरण को रोका जा सके।
    - यह **दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं** या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के लिये नहीं है।
- **भारत की MDA सेवाएँ: आयुष्मान आरोग्य मंदिर (AAM)** में एकीकृत, हाइड्रोसेलेक्टोमी (**हाइड्रोसील को हटाना)** के साथ [राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन](#) और [प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना](#) के तहत कवर किया गया।
  - वर्ष 2024 में, लगभग 50% हाइड्रोसील सर्जरी स्थानिक रूप से राज्यों में की गई।

**और पढ़ें:** [लिम्फेटिक फाइलेरियासिस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/campaign-to-eliminate-lymphatic-filariasis